卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 314 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦21 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# 57 लाख की ई सिगरेट सहित दो गिरफ्तार

## नेपाल से दिल्ली ले जाई जा रही थी ई-सिगरेट की खेप, कार में बरामद हुई ग्यारह पेटी

सितारगंज(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने चीकाघाट पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में ई-सिगरेट के साथ खटीमा निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 57लाख रुपये आंकी जा रही है। जानकारी के अनुसार आपरेशन प्रहार के अन्तर्गत चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चीकाघाट पुल के पास से कार संख्या यूपी 26एडी 6886 स्विफ्ट डिजायर को पकड़ लिया। जिसमें



नाजिम खाँ पुत्र जकरूल्ला खाँ निवासी वार्ड नं0- 02.. इस्लाम नगर नूरी मस्जिद के पास तहसील व थाना खटीमा और अफरोज पुत्र अल्लून खाँ निवासी वार्ड नं0 2 इस्लाम नगर तहसील व थाना खटीमा सवार थे। दोनों गिरफ्तार कर वाहन से 11पेटी कुल 2190 पीस अलग-अलग फ्लेवर के इलेक्ट्रानिक सिगरेट बरामद किये गये। अन्तराष्ट्रीय बाजार में बरामद, इलेक्ट्रानिक सिगरेट की कीमत 57 लाख रुपये है। जिस सम्बन्ध में थाना सितारगंज में धारा-4/7 इलेक्ट्रनिक सिगरेट का निषेध उत्पाद निर्माण आयात निर्यात परिवहन बिक्री भंडारण और विज्ञापन अधिनियम 2019' पंजीकृत किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तगण से भारी मात्रा में इलेक्ट्रानिक सिगरेट परिवहन करने के सम्बन्ध में पूछा गया तो उक्त दोनों द्वारा उक्त माल नेपाल से किसी रिंकू रोकाया नाम के व्यक्ति से लाना तथा दिल्ली पहुचाने की बात बताई गयी। अभियुक्तगणो से पूछताछ की जा रही है तथा अभियुक्तगणों का आपराधिक इतिहास की जानकारी कर उन्हें माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल के साथ उ0नि0 इन्दर सिंह ढैला,कांस्टेबल अर्जुन सिंह थाना सितारगंज, कांस्टेबल भवान सिंह, जगदीश लोहनी आदि शामिल थे।

# मासूम बच्चों सहित दंपति पर मधुमक्खियों का हमला

रामनगर (उद संवाददाता)। सोमवार की सुबह एक युवक बाइक से अपनी पत्नी बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहा था इसी बीच रास्ते में अचानक मधुमक्खियों के झुंड इन पर हमला बोल दिया जिसमें पति पत्नी सहित उनके दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मोहान क्षेत्र निवासी संजय अपनी पत्नी के साथ अपने दो मासूम बच्चों को बाइक से स्कूल छोड़ने के लिए ग्राम ढिकुली आ रहे थे इसी बीच रास्ते में अचानक मधुमक्खियां के एक झुंड ने बाइक सवार चारों पर हमला बोल दिया जिससे चारों लोग बाइक से गिर गए तभी उनकी चीख पुकार सुनने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच और उन्होंने कंबल डालकर चरों लोगों को बचाने के काफी प्रयास किये लेकिन उससे पहले ही भारी संख्या में मध मक्खियां इनके शरीर पर चिपट गई। इसके बाद ग्रामीणों ने उपचार के लिए चारों को रामनगर सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चोरों का भर्ती किया गया है।



# अभियान चलाकर दबोचे एक दर्जन वांछित

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के तहत थाना किच्छा पुलिस द्वारा 12 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जिनको मा० न्यायालय पेश किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा कोतवाल धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में सूरज पाल पुत्र मटरू निवासी वार्ड नं0-ट्रक यूनियन वाली गली किच्छा , शुभम रावत पुत्र गोपाल रावत निवासी गैस एजेन्सी रोड ,इमरान हुसैन पुत्र अन्सार हुसैन निवासी ग्राम सैजना ,इस्लाम हुसैन पुत्र जमील हुसैन निवासी ग्राम सैजना ,कमालउद्दीन हुसैन पुत्र जमाल हुसैन निवासी ग्राम सैजनथाना किच्छा ,सरोज पत्नी स्व0 हीरा पाण्डे निवासी बंडिया भटूटा ,हरप्रसाद गुप्ता पुत्र त्रिवेणी लाल गुप्ता निवासी सैनिक कालोनी के सामने बंडिया भटूटा,दूली देवी पत्नी स्व मनोरंजन निवासी वेदी मोहल्ला ,कुलवंत सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम कनकपुर , गोविन्द सिंह पुत्र राजू सिंह नि0 भगवानपुर ,गुरुचरण सिंह पुत्र हरजीत सिंह निवासी धौरा डाम, गुरुमेज सिंह पुत्र दिलेर सिंह निवासी नजीमाबाद धौराडाम, थाना किच्छा को गिरफ्तार किया है।प्रभारी निरी0 धीरेन्द्र कुमार, एस एस आई विनोद फर्त्याल, उप निरी0 विजय कुमार ,उप निरी0 दीवान सिंह विष्ट चौकी प्रभारी दरऊ ,उप निरी0 दिनेश चन्द्र भट्ट चौकी प्रभारी कलकत्ता फार्महेड कांस्टेबल नरेन्द्र कन्याल हेड कांस्टेबल राकेश भट्ट,उप निरी0 राजेन्द्र पन्त, का0 देवराज सिंह ,का0 त्रिलोक पाण्डे, म०का मंजू आर्या, दीपक बोरा,का० हीरा सिंह,का0 उमेद गिरी थे।



# पुलिस सेवा के साथ खेलों में भी आगे आयें जवान: उदयराज

## डीएम ने किया अन्तर पुलिस वाहिनी जूडो कलस्टर खेलों का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस सेवा करने के साथ ही हर पुलिस अधिकारी व जवान को खेलों में भी प्रतिभाग करना चाहिए। इससे शारीरिक व बौद्धिक विकास के साथ ही शरीर हमेशा स्वस्थ्य रहता है। यह बात जनपद के जिला अधिकारी उदयराज सिंह ने आज 31 वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 22 वीं प्रादेशिक अन्तर जनपदीय वाहिनी पुलिस जूडो कलस्टर प्रतियोगिता 2023 का विधिवत शुभारम्भ करने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों व जवानों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तो कार्यों का निर्वहन भी बेहतर ढ़ग से हो सकेगा। इससे पूर्व जिलाधिकारी उदयराज सिंह का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर वाहिनी की सेनानायक प्रीति प्रियदर्शनी, उप सेनानायक डा. उत्तम सिंह नेगी, सहायक सेना नायक राजेन्द्र सिंह कोश्यारी शिविर पाल मनीष शर्मा ने आदि स्वागतकिया। तपश्चात राज्य के विभिन्न जनपदों से आई टीमों द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। जिसके बाद (शेष पृष्ठ सात पर)



# धोखे से ससुराल बुलाकर बहू पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा माथा टेकने की बात कहकर बहू कों ससुराल बुलाकर ससुरालियों द्वारा उस पर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राज कौर पुत्री कश्मीर सिंह निवासी ग्राम जगतपुर थाना काशीपुर ने कहा है कि 20 अगस्त सुबह 4 बजे उसके पति लखविन्दर सिंह सास सुरेन्द्र कौर व लखविन्दर सिंह की प्रेमिका उमा देवी, जेठानी कैलाश कौर जिन्होने मुझे धोखे से अपने घर ग्राम अर्जनपुर थाना रूद्रपुर बुलाया कहा कि गुरूद्वारा बाबादीप सिंह पश्चियापुर जाना है माथा टेकने । जैसे ही वह अपनी सुसराल ग्राम अर्जुनपुर पहुची उक्त लोगो ने गाली गलौच करते हुऐ उस पर जान से मारने की नियत से चाकू लाठी डन्डे व लोहे की रॉड से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। वह बडी मुश्किल से जान बचाकर भागी। वरना उक्त लोग जान से मार देते। ससुराली उसे जान से मारने की धमकी दे रहे है जिससे उसे अपनी जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज का छानबीन शुरू कर दी है।

# टैम्पो की टक्कर से घायल महिला की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लगभग दो माह पूर्व किच्छा मार्ग पर टेम्पों की टक्कर से घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोपी टेम्पो चालक के विरूद्ध रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में रामवती पत्नी रामदास निवासी रम्पुरा वार्ड 22 रूद्रपुर ने कहा है कि उसकी पुत्री गीता का विवाह किच्छा में राकेश के साथ हुआ था। उसके दो लडके उम्र 09 वर्ष व 04 वर्ष है। पुत्री की नाराजगी होने के कारण वह अपने मायके में रहती थी। 25 जून को रात्रि लगभग 9 बजे रम्पुरा चौकी के सामने जा रही थी। वह व समीर अहमद पुत्र अमीर अहमद आ रहे थे। तभी टैम्पो संख्या यूके 06 टीए 8539 के चालक ने गीता को टक्कर मार दी। जिससे उसकी गम्भीर चोटें आयी। उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां 26 जून को उसकी मृत्यु हो गयी । टैम्पो को पुलिस वालों ने उसी समय पकड़ लिया था तथा चौकी में खड़ा किया। जब वह रम्पुरा पुलिस चौकी में रिपोर्ट लिखाने गयी तो टैम्पो (शेष पृष्ठ सात पर)

# घोड़ा लाइब्रेरी पहाड़ों पर बच्चों तक पहुंचा रही पुस्तकें

रामनगर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड के पहाड़ो की वादियों में चलती फिरती घोड़ा लाइब्रेरी को बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। बच्चे पढ़ाई से महरूम ना रहें, इसके लिए ये कवायद शुरू की गई है. ग्रामीण युवकों की पहल रंग लाने लगी है, जिसे लोगों का भी सहयोग मिल रहा है.बेशक छुट्टियों में बच्चे विद्यालयों से दूर हो रहे हों लेकिन पुस्तकें, बच्चों से दूर नहीं हैं। नैनीताल जिले के सुदूरवर्ती कोटाबाग विकासखंड के गांव बाघनी, जलना, महलधुरा,आलेख, गौतिया, ढिनवाखरक, बांसी में भयंकर बरसात के बाद हुई छुट्टियों में भी, हिमोत्थान द्वारा संकल्प यूथ फाऊंडेशन संस्था की मदद से बच्चों तक बाल साहित्यिक पुस्तकें पहुंचाई जा रही हैं। गर्मियों की छुट्टियों से शुरू हुआ घोड़ा लाइब्रेरी का यह सिलसिला, बरसात की कठिनाईयों मे भी जारी है और पहाड़ के बच्चों के लिए एक संजीवनी का काम कर रहा है। जहां एक ओर उत्तराखंड में विगत 15 दिनों से मूसलाधार बरसात, अतिवृष्टि के कारण विद्यालय बंद है, वहीं कई गांव में बादल फटने के कारण जन जीवन तबाह हो चुका है। पर्वतीय गांवों का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय से कट चुका है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों की शिक्षा को लेकर भी एक बहुत बड़ा संकट सभी के सामने है, इस परिस्थिति में पहाड़ के बच्चों के घर तक पुस्तकें पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया.इस परिस्थिति में इन दुर्गम पहाड़ी इलाकों में बच्चों तक पुस्तकें पहुंचाने का केवल एक रास्ता बचा था जोकि घोड़ा है । इसलिए संस्था के प्रोजेक्ट एसोसिएट/लाइब्रेरी कार्डिनेटर शुभम बधानी ने पहल शुरू की ओर एक चलती फिरती लाइब्रेरी की एक ऐसी लाइब्रेरी जिसके कदम पहाड़ों की चढ़ाई में भी निरंतर आगे बढ़ें ओर नाम दिया गया घोड़ा लाइब्रेरी । इस मुहिम की सबसे खास बात यह है कि इसमें घोड़ों का सहयोग कम्युनिटी द्वारा दिया (शेष पृष्ठ 7 पर)



# तीज महोत्सव में खूब थिरकीं महिलाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के सानिध्य में ब्राह्मण महिला महासभा द्वारा प्रथम सावन महोत्सव गत सायं मंदिर मनकामेश्वर जन कल्याण आश्रम में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि ममता पाठक,डॉ. नीरजा पंत, रेनुका मिश्रा, डा. प्रियंका पांडे, ललिता



जोशी, महासभा के सरपरस्त रविंद्र शर्मा, संजीव शर्मा व अध्यक्षा अंजू तिवारी द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कृषा कश्यप व आराधना कश्यप द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति के बाद सभी विशिष्ट अतिथियों का बैच लगाकर व भगवा पटका भेंट कर सम्मान किया गया। महोत्सव में सावन पर आधारित गीतों की प्रस्तुति ने मौजूद महिलाओं को भाव-विभोर कर दिया। पूनम पांडे द्वारा ओ बदरी बाबुल के अंगना जइयो, प्रभा शर्मा ने बरसो रे मेघा मेघा, वंशिका शर्मा ने चूड़ी भी जिद पे आई है, सारिका शर्मा द्वारा सावन में मोरनी बनकर मैं तो छम छम नाचूँ, शालिनी गौड़ ने मोरनी बागां में बोले, मंजू शर्मा ने राधा ढूंढ रही किसी ने मेरा श्याम देखा, पूजा तिवारी ने बदरी बाबुल के अंगना जइयो जैसे बारिश की फुहारों पर आधारित गाने गाकर कार्यक्रम में मौजूद महिला दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा अंशु त्रिवेदी, रेखा जोशी, अंजू वरुण तिवारी ने ब्रज, कुमाऊंनी और राजस्थानी गीतों पर अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई रोचक प्रश्नोत्तरी के अलावा मेंहदी व प्रथम तीज मनाने वाली नव विवाहिताओं को सम्मानित किया गया। तीज क्वीन ओमेक्स निवासी अनुपमा शर्मा को घोषित किया गया जबकि वयोवृद्ध सरोज शर्मा को तीज क्वीन फॉरेवर के लिये चुना गया। रेनू त्रिपाठी, इंदु पंत व आरती त्यागी को विवाहोपरांत प्रथम तीज के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।महिला ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित प्रथम सावन महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीना तिवारी व शालिनी गौर ने किया। इस दौरान सीमा अरोरा, दीपा जोशी, मीना शर्मा, रश्मि शर्मा, ममता त्रिपाठी, अनुपमा शर्मा, सृष्टि पांडे, पूजा शर्मा, ईशा बिष्ट, मोना बोदलाकोटि, प्रियंका शर्मा, नेहा अवस्थी, मिनी पाठक, हर्ष बाला शर्मा, दिशा भारद्वाज, ज्योत्स्ना शर्मा, सुभाष त्रिवेदी, सुनीता शर्मा, सरोज तिवारी, सुरेश शर्मा, आशुतोष शर्मा, ललित शर्मा, प्रभा शर्मा, छाया शर्मा, मीनू शर्मा, श्वेता शर्मा समेत ब्राह्मण समाज की सैकड़ों महिलायें व पुरुष उपस्थित थे।

# मौर्य एकेडमी की राधा और सरफराज का आटीबीपी में कांस्टेबल पद पर हुआ चयन

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र में सेना और पुलिस से रिटायर्ड अधिकारियों द्वारा संचालित गूलरभोज रोड स्थित मौर्य एकेडमी इस क्षेत्र में सेना और पुलिस भर्ती में सर्वाधिक रिजल्ट देने वाली ऐसी एकेडमी है जहां पर प्रशिक्षण



प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित होकर इस क्षेत्र का और अपना नाम रोशन कर रहे हैं इस वर्ष 2023 में एकेडमी के छात्र छात्राएं आर्मी अग्निवीर,रेलवे ग्रुप डी,उत्तराखंड पुलिस कॉन्स्टेबल में चयनित हुए हैं और पिछले महीने में इस क्षेत्र की छात्रा काजल बेहड ने संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) की परीक्षा पास कर थल सेना में लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त कर इस क्षेत्र का और अपना नाम रोशन किया था और वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं में से आज एसएससी (जीडी) की परीक्षा पास कर एकेडमी की छात्रा राधा पुत्री चरण सिंह ,निवासी अहमदनगर कॉलोनी ,गदरपुर एवं सरफराज पुत्र सलीम सैफी निवासी वार्ड नंबर 9 पंजाबी कॉलोनी गदरपुर ने आईटीबीपी में कांस्टेबल पद प्राप्त कर अपना और अपने इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एकेडमी डायरेक्टर आनन्द कुमार ने राधा और सरफराज को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एकेडमी में मिष्ठान वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की राधा और सरफराज की इस सफलता पर एकेडमी के छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। इस खुशी के अवसर पर जिला उधम सिंह नगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव नूर आलम, एकेडमी के क्रिकेट कोच इंद्रनील कर, एकेडमी के सचिव अनुज कुमार, सनड्रॉपशिप कंपनी के डायरेक्टर अरविन्द कुमार , एकेडमी के फैकल्टी बंटी सर, नेहा, शाजिया,संदीप कौर एवं एकेडमी के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# फरार सुखबिंदर के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी

**पुलिस ने घोषित किया है 25 हजार रूपये का ईनाम**

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज के रोशनपुर गांव में नकली शराब बनाने वाले गिरोह के फरार सरगना तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार का इनाम रखा है। अब पुलिस ने न्यायालय से एनबीडब्ल्यू ले लिया है। आरोपी के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए भी आवेदन करने की तैयारी है। 27 जून की रात एसओजी और गूलरभोज पुलिस की संयुक्त टीम ने चंदायन पुलिया के पास गूलरभोज से आ रहे टेंपो ट्रेवलर रोका, जिसमें 88 पेटियों में देसी शराब के 4224 पव्वे भरे थे। पुलिस ने वाहन चालक गांव कुआखेड़ा, बड़ापुर जिला बिजनौर सुखदेव सिंह को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर रोशनपुर स्थित मकान से भारी मात्रा में नकली देसी शराब और शराब बनाने के उपकरण, खाली बोतल सहित कई सामग्री बरामद की। शराब बनाने में लिप्त राज कौर निवासी काशीपुर, नीलम निवासी बाजपुर, संदीप सिंह उसका भाई राजेंद्र सिंह, मंजीत सिंह निवासी मुंडिया कला बाजपुर को मौके से गिरफ्तार किया था। शराब फैक्टरी का मुख्य सरगना सुखबिंदर सिंह उर्फ सोनू निवासी बेरिया दोलत केलाखेड़ा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी तलाश में कई जगह दबिश दी लेकिन कुछ पता नहीं चला। घटना के तीन बाद ही एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने उस पर 25,000 का इनाम रखा था। इसके बावजूद उसका अब तक पता नहीं चला। पिछले दिनों पुलिस ने उसके खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू ले लिया है। एएसपी काशीपुर अभय सिंह का कहना है कि जल्द ही आरोपी के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए न्यायालय में आवेदन किया जाएगा।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


# नेता प्रतिपक्ष को बताई समस्याएं

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के शक्तिफार्म पहुंचने पर , बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने उत्तराखंड में रह रहे ,बांग्ला भाषियो के लिये दो सूत्रीय मांग रखा, बंगालियों के लिए आरक्षण,व बंगाली बाहुल्य



क्षेत्रों के विधालय में बांग्ला भाषा पढ़ाया जाये। रामचंद्र राय ने और भी कई समस्याओ से अवगत कराया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इससे पहले भी रामचंद्र राय जन मुद्दों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था।

# आवारा घूम रहे गोवंश को चिन्हित करने की कार्यवाही शुरू

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।अधिशासी अधिकारी नगरपालिका अल्मोड़ा भरत त्रिपाठी ने बताया कि अल्मोड़ा द्वारा नगर क्षेत्र में विचरण कर रहे आवारा गोवंश को नगर से हटाने की कार्यवाही गतिमान है पालिका द्वारा इस बीच कुछ आवारा गोवंश को भी गौ सदन ज्योली में भेजा गया है तथा कुछ गोवंश को गौसदन बाजपुर भेजा जाना नियत था लेकिन गोवंश में चल रही बीमारी के कारण गोवंश के बाजपुर गौ सदन भेजा जाना स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा द्वारा कुछ गोवंश स्वामियों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा नगर क्षेत्र में आवारा घूम रहे गोवंश को चिन्हित करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पालिका द्वारा बीते शनिवार को नगर के विभिन्न क्षेत्र का निरीक्षण कर नगर में आवारा छोड़े गए 12 गोवंश को चिन्हित कर उनके कानों में लगे टैग नंबरों की फोटो ली गई तथा उन टैग नंबरों को पशु स्वामियों का नाम व पते की जानकारी हेतु पशुपालन विभाग को भेजे गया जिससे कि पशुओं के स्वामियों का नाम व पते की जानकारी प्राप्त हो सके उन्होंने बताया कि पालिका को उक्त पशु स्वामियों का नाम व पता उपलब्ध होते ही पालिका द्वारा नियमानुसार ऐसे आवारा गोवंश के स्वामियों की चालानी कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर में घूम रहे आवारा पशुओं को नगर से हटाने तथा जिन पशु स्वामियों द्वारा अपने पशु आवारा छोड़े जा रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी गोवंश स्वामियों से अपील की है कि अपने गोवंश को नगर में आवारा कदापि न छोड़ें पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध नियम अनुसार चालानी कार्यवाही की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया केएमवीएन का स्थापना दिवस

गदरपुर (उद संवाददाता)।गदरपुर गैस द्वारा आज कुमायूं मंडल विकास निगम का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें कार्यालय कर्मचारी प्रबंधक कुंवर राम, स्टोर कीपर बसंत बल्लभ कर्नाटक, अरविंद शर्मा, चित्रजीत राय, नीरज पाठक एवं सुमित कुमार उपस्थित रहे।



# न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने किया बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का शुभारंभ

रानीखेत(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा द्वारा बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज खिरखेत में हुआ। इस विधिक जागरूकता शिविर में



उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल के वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथिगणों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस आयोजन में नवोदय विद्यालय के स्कूली बच्चों ने भिन्न भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। इस दौरान न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान दी। उन्होंने विभिन्न संवैधानिक अनुच्छेदों का जिक्र करते हुए भारतीय न्याय व्यवस्था में गरीबों, वंचितों एवं जरूरतमंदों के लिए किए गए विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विधिक सहायता का विषय जनसामान्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस शिविर में जिला प्रशासन के माध्यम से विभिन्न विभागों के 40 विभागीय स्टॉल लगाए गए जिसके माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी लोगों को प्रदान की गई। कृषि विभाग के माध्यम से 2लाभार्थियों को 80 प्रतिशत अनुदान पर फार्म मशीनरी उपलब्ध कराई गई। इस शिविर में हंस फाउंडेशन के माध्यम से दिव्यांगजनों को 100 सहायक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही बाबा हैड़ाखान चेरिटेबल रिसर्च सेंटर के माध्यम से निशुल्क आंखों की जांच भी की गई। जिसके माध्यम से लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान जिला जज कौशल किशोर शुक्ला, जिलाधिकारी विनीत तोमर, सचिव डीएलएसए शचि शर्मा, संयुक्त मजिस्ट्रेट जय किशन, न्यायिक अधिकारीगण समेत बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण तथा अन्य उपस्थित रहे।

# इंडियन कॉम्बैट लीग सीजन-4 का भव्य शुभारंभ

**वुशु की अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी नेशनल कोच आरती सैनी,यूएफसी स्टार अंगद बिष्ट सहित अंतर्राष्ट्रीय खिलाडियों का हुआ सम्मान**

देहरादून(उद संवाददाता)। नेशनल मार्शल आर्ट गेम्स कमेटी के तत्वावधान मे परेड ग्राउंड के बॉक्सिंग हाल में में इंडियन कॉम्बैट लीग सीजन-4 का भव्य शुभारंभ हुआ। रविवार को मुख्य अतिथि मेयर सुशील उनियाल गामा ने इंडियन कॉम्बैट लीग सीजन-4 का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाडियों को खेल भावना को ध्यान में रख खेलते हुए राज्य एवं देश के लिए पदक जीतने की अपील की। इंडियन कॉम्बैट लीग सीजन 4 में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर उत्तर प्रदेश एवं तृतीय स्थान पर अरुणांचल प्रदेश के खिलाडी छाए रहे। उत्तराखंड मार्शल आर्ट गेम्स कमेटी के निदेशक सतीश जोशी ने बताया कि आयोजन में देश के 200 खिलाड़ी एवं 50 आफिशियल भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन का उद्देश्य अगले वर्ष 2024 में देवभूमि उत्तराखंड में इंडियन कॉम्बैट लीग सीजन-5 के आयोजन को लेकर रविवार को समिति की बैठक भी की गई। अगले वर्ष लीग के सीजन -5 को देवभूमि में बड़े स्तर पर कराकर खिलाडियों को उचित प्लेटफार्म मुहैया कराया जायेगा। आयोजन में वुशु अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी नेशनल कोच आरती सैनी, यू एफ सी स्टार अंगद बिष्ट सहित एशियाई पदक विजेता प्रज्ञा जोशी, विश्व मार्शल आर्ट्स खेल लंदन से रजत पदक



विजेता खिलाडी हर्षिता चौधरी को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों ने आश्चर्यजनक कलाओं का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में महापौर सुनील उनियाल गामा, उप निदेशक खेल एवं लाइफ टाईम एचिवमेंट् अवार्डी सुरेश चंद्र पांडेय, क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सूद , उत्तराखंड मार्शल आर्ट गेम्स कमेटी के अध्यक्ष सुनील दत्त पांडेय, नेशनल मार्शल आर्ट कमेटी के अध्यक्ष बी के भारत, चेयरमैन नीरज मेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि मोहन अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन महासचिव आर के भारत ने किया।

# इरम हत्याकाण्ड का खुलासा,गुलजार ने होटल में जहर देकर की थी हत्या



नैनीताल(उद संवाददाता)। चर्चित इरम खान हत्याकांड मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मामले में साक्ष्यों के आधार पर होटल में महिला के साथ आए व्यक्ति मोहम्मद गुलजार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के लिए जेल भेज दिया। बता दें कि नगर के तल्लीताल स्थित एक होटल के कमरे से एक अगस्त (मंगलवार) को एक महिला पर्यटक इरम खान का शव बरामद हुआ था। सूचना पर मौके पहुंची थाना तल्लीताल पुलिस द्वारा शव को कब्जे में पुलिस लेकर जांच प्रारंभ की गई तो ज्ञात हुआ कि महिला पर्यटक एक अन्य युवक के साथ घटना से एक दिन 31 जुलाई (सोमवार) को होटल में रुके हुए थे, परंतु युवक मौके से फरार था। पुलिस द्वारा मृतक महिला इरम खान के परिजनों को सूचित किया गया तो 2 अगस्त (बुधवार) को मृतका की बहन वादिनी फरहीन वारसी पुत्री रिजवान उल हक निवासी लाल नगरी पंजाब नैशनल बैंक के पास मुरादाबाद (यूपी) द्वारा थाना तल्लीताल में तहरीर दी गयी कि मोहम्मद गुलजार पुत्र मोहम्मद सद्दीक निवासी करुला रहमत नगर गली नं-4 नियर गुलामे रसूल मस्जिद थाना कटघर (जिला मुरादाबाद) व उसके सहयोगियों क्रमशः नेहा, सिमरन तथा सिमरन की मां आसमां के द्वारा मेरी बहन का अपहरण किया गया व 31 जुलाई (सोमवार) को नैनीताल लाकर उसकी हत्या कारित कर दी गयी है। वादी की ओर से प्राप्त तहरीर के आधार पर जिले के पुलिस कप्तान पंकज भट्ट के आदेशों के क्रम में अभियोग के सफल अनावरण के लिये डॉ. जगदीश चंद्र एसपी क्राइमध्यातायात नैनीताल के दिशा- निर्देशन तथा विभा दीक्षित सीओ सिटी नैनीताल के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष तल्लीताल रोहताश सिंह सागर द्वारा विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान होटल के सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया व अभियोग से सम्बन्धित सभी संदिग्ध व्यक्तियों के कॉल डिटेल का अवलोकन किया गया। पुलिस द्वारा सभी साक्ष्य एकत्रित कर मृत्तका इरम खान का विसरा परीक्षण आरएफ एसएल रुद्रपुर में कराया गया जिसमें जहर की पुष्टि हुई। विवेचना में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त मोहम्मद गुलजार उपरोक्त के विरुद्ध इरम खान द्वारा मार्च 2023 में थाना मुगलपुरा मुरादाबाद में मुअसं.64/23 धारा 376/377/313/504/506 भादवि व 67 आईटी एक्ट पंजीकृत कराया गया था जिसमें बाद विवेचना धारा 504/506 भादवि व धारा 67 आईटीएक्ट के तहत आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया जा चुका है। मृतका इरम खान अभियुक्त मोहम्द गुलजार से अलग अपने घर पर रह रही थी अभियुक्त मृत्तका पर मुकदमा वापस लेने का दबाव डालता था इसी साजिश के तहत अभियुक्त गुलजार मृतक इरम खान को नैनीताल लेकर आया तथा नगर के तल्लीताल होटल में ठहरकर रात्रि में जहर देकर उसकी हत्या कर दी गई तथा मृत्तका इरम खान के मोबाइल व जहर देने के पश्चात मृतका द्वारा की गई उल्टियां व अन्य साक्ष्यों को गायब कर दिया गया तथा होटल से मृतका इरम खान को छोडकर होटल के कमरे का लॉक लगाकर भाग गया। विवेचना में मृत्तका इरम खान का अभियुक्त गुलजार की दूसरी पत्नी होना पाया गया तथा इन दोनों के द्वारा पूर्व में निकाह किया जाना भी पाया गया। अभियोग में साक्ष्यों के आधार पर धारा 302-201 भादवि के अपराध का कारित किया जाना पाया गया। पुलिस द्वारा एकत्रित किए गए संपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त गुलजार को 19 अगस्त को धारा 302-201 भादवि के तहत गिरफ्तारी कारण बताकर गिरफ्तार किया गया पुलिस टीम में रोहताश सागर थानाध्यक्ष, उप निरीक्षक नीरज सिंघल, हेड कांस्टेबल शिवराज सिंह राणा तथा ललित राम के साथ ही कास्टेबल राजेन्द्र सिंह मेहरा, अमित कुमार, पूनम राणा तथा कास्टेबल अनिल गिरि सर्विलांस सेल हल्द्वानी शामिल रहे।

## संवाद से युवाओं में होता है रचनात्मकता का विकास

सितारगंज(उद संवाददाता)। राधा कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और नेहरू युवा केंद्र की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत युवा संवाद और पंचप्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पंच प्रण की शपथ ली गई। वक्ताओं ने इस आजादी के अमृत महोत्सव के तहत युवा सवांद और पंचप्राण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत नगर मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान ने दीप प्रज्वलित



कर किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खूब सिंह विकल, लेखक राम वशिष्ठ, जसप्रीत कौर, प्रभात शुक्ला महिला कांस्टेबल ज्योति शर्मा और विवेक बादल मौजूद रहे। राधा कृष्ण इंस्टीट्यूट के संचालक रेखा ठाकुर ने सरकार की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में रचनात्मकता का विकास होता है। इस मौके पर सुलोचना रावत, वीना साहू, मीना अरोड़ा, बीना पांडे, राजकुमार ठाकुर, राजन, रजत, अजय भगत, संदीप बावा, ज्योति शर्मा, नवीन भट्ट षनिरालाष, चंदन श्रीवास्तव,जे सी भट्ट, देवेन्द्र धामी आदि मौजूद रहे।

## प्रेम से करें दान प्रभु होंगे मेहरबान

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 20वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि जीवन में एक अवसर ऐसा भी आता है जब भाग्य अनुकूल होता है, ऐसे समय में बड़े प्रेम से दान करना चाहिए। निः संकोच होकर देते रहो, जो भी दोगे दोगुना होकर वापस आएगा। प्रसाद की सेवा दीपचंद जोशी एवं विनोद बजाज के परिवार द्वारा दी गयी। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।





## नेता प्रतिपक्ष ने श्याम विश्वास के निधन पर जताया शोक

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के टैगोर नगर निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी वरिष्ठ कोंग्रेसी नेता रहे श्याम प्रसाद विश्वास के निधन पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने उनके आवास पहुंच कर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया। आर्य ने उनकी पत्नी मालती विश्वास, पुत्र राजा



विश्वास सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने श्याम प्रसाद विश्वास के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस मौके पर ईश्वरी प्रसाद गंगवार, आन सिंह रावत, उत्तम आचार्य, रामचंद्र राय मुकेश रावत, रिपुसूदन मंडल, सुमिंदर यादव, राम मित्र, परिमल राय, हिमांशु गाबा, सुकुमार चटर्जी, मधुसूदन सरकार, अजय गांधी, लक्ष्मी चौधरी, सरस्वती बाला, परिमल राय,उत्तम हालदार, मुकेश शील सहित आदि थे।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध कच्ची शराब की रोकथाम व नशे के विरुद्ध अभियान चलाते हुए चौकी कलकत्ता फार्म थाना किच्छा पुलिस टीम द्वारा प्रधान लाइन धौराडाम नजीमाबाद में जसवंत सिंह पुत्र गज्जन सिंह निवासी प्रधान लाइन धौराडाम नजीमाबाद किच्छा को एक सफेद कट्टे के अंदर रखें 120 पाउच (लगभग 40 लीटर) अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम उ0 नि0 दिनेश चंद्र भट्ट प्रभारी चौकी कलकत्ता फार्म, हे0का0 राकेश भट्ट,का0 नीरज जोशी शामिल थे।



## विद्या रानी अदलखा के निधन पर जताया शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नगर के प्रमुख चिकित्सक डॉ नारायण दास की पत्नी तथा डॉ प्रदीप अदलखा की माताजी श्रीमती विद्या रानी अदलखा के निधन पर जिला बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र छाबड़ा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा वे पूरे नगर के एक प्रेरणादायक माता थी उनके निधन से हुई क्षति की कभी पूर्ति नहीं हो सकेगी। शोक सभा मे कस्तूरी लाल तागरा, सुरेश मदान,राजीव गगनेजा, विकास गगनेजा,अभिनव छाबड़ा,पूनम आहूजा अरोड़ा,श्रीमती नीरू छाबड़ा,अभिषेक अग्रवाल, पार्षद मोहन खेड़ा,राम किशन खेड़ा,सोनू चुघ, प्रीत ग्रोवर,राजकुमार खनिजों,नरेंद्र खुग्गर,लेखराज ढींगरा, नरेंद्र दावड़ा, प्राण ठक्कर,नरेंद्र गगनेजा गुरमीत सिंह मिंटू तथा जसबीर सिंह कुभार समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी युवक को किया दोषमुक्त

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला न्यायालय ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में शामिल युवक को दोषमुक्त कर दिया है। साक्ष्य न मिलने और किशोरी की मौत हो जाने पर अदालत ने आरोपी को दोषमुक्त का फैसला सुनाया है। छह अप्रैल 2021 को दिनेशपुर निवासी बसंत सिंह फर्त्याल उर्फ बाबू पर 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोप था। आरोप था कि आरोपी ने शौचालय में बंद कर किशोरी से दुष्कर्म किया है। दिनेशपुर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी शिवाकांत द्विवेदी की अदालत में शुरू हुई। वहीं, फरवरी 2022 में खाना बनाते समय आग की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई। आरोपी के अधिवक्ता आरडी मजूमदार ने बताया कि मामले में पुख्ता साक्ष्य न मिलने पर अदालत ने आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है।

## सिडकुल की फैक्ट्री में श्रमिक की मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल में संदिग्ध हालात में एक श्रमिक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जताई है। मूलरूप से बरेली निवासी सर्वेश कुमार (48) सिडकुल की फैक्ट्री में पैकिंग का काम करता था और पिछले कई वर्षों से शहर के राजा कॉलोनी ट्रांजिट कैंप में परिवार के साथ किराए पर रहता था। रविवार सुबह वह ड्यूटी करने फैक्ट्री गया। दोपहर में खाना खाने के लिए वह कैंटीन गया। इस दौरान पानी पीने के बाद वह अचेत हो गया। आनन-फानन में फैक्टरी के कर्मचारी उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि मृतक का बेटा भी उसी फैक्ट्री में नौकरी करता है। घटना के दौरान भी बेटा फैक्ट्री में था। पंतनगर एसएचओ आरएस डांगी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीटेट की परीक्षा देने आयी महिलाओं के जबरन मंगलसूत्र उतरवाने पर भड़के लोग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर में सीटेट का पेपर देने आयी महिलाओं के जबरन मंगलसूत्र उतरवाने पर हंगामा मचने के बाद स्कूल पहुंचे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया। रविवार को क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल में सीटेट देने आई महिलाओं के मंगलसूत्र और बिछिया उतरवाने पर हिंदू रक्षा दल के लोगों ने हंगामा किया और परीक्षा रद्द कराने की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा केंद्र में तैनात लोग भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। चस्पा नोटिस में सिर्फ अनुचित वस्तु उतारने की बात लिखी गई है और मंगलसूत्र, कुंडल व बिछिया अनुचित वस्तु नहीं है। गंगापुर रोड स्थित जेसीज पब्लिक स्कूल में सीटेट का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस दौरान परीक्षा केंद्र में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों ने महिलाओं व अन्य परीक्षार्थियों को परीक्षा में जाने से पहले उनके मंगलसूत्र सहित बिछिया,जनेऊ और ब्रेसलेट उतरवा दिए गए। मंगलसूत्र



तउरवाने को लेकर कुछ महिलाओं ने विरोध करना शुरू कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर हिंदू रक्षा दल के लोग भी स्कूल पहुंच गये और परीक्षा के नाम पर हिंदुओं का अपमान करने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान मीडियाकर्मियों से बातचीत में एचआरडी के नगर अध्यक्ष राजा भारद्वाज ने कहा कि उनको सूचना मिली थी कि परीक्षा केंद्र में मंगल सूत्र समेत अन्य आभूषण उतरवाने पर कुछ महिलाएं पेपर छोड़कर चली गईं, जबकि कुछ महिलाओं ने यह सब आभूषण उतारकर पहले शिफ्ट में पेपर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जब अन्य समुदाय के लोग बुर्का पहनकर परीक्षा दे सकते है तो मंगलसूत्र उतरवाने का निर्देश आखिर किसने दिया है। अगर भविष्य में ऐसा किया गया तो पुरजोर विरोध किया जायेगा। इस संबंध में स्कूल प्रबंधक से बात की गई तो उन्होंने इस बात से इन्कार कर दिया। बताया कि दल के पदाधिकारियों की ओर से विरोध करने के बाद दोपहर दो बजे से शुरू हुए सीटेट परीक्षा में महिलाओं के मंगलसूत्र, बिछिया, कुंडल, नाक में पहनने वाले आभूषणों पर टेप चिपकाया गया। बताया कि सेंट मेरी स्कूल में भी सीटेट हुई लेकिन वहां किसी ने महिलाओं के आभूषण नहीं उतारे। विरोध करने वालों में निखिल गुप्ता, पारस, बॉबी भारद्वाज, कुलदीप खुराना, डीके गंगवार, मनोज कुशवाहा आदि थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

किच्छा(उद संवाददाता)। सिरौली क्षेत्र से एक 22 वर्षीय युवक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। तहरीर मिलने के बाद मामले में गुमशुदगी दर्ज की गई है। सिरौली निवासी इसाक पुत्र रज्जाक ने स्थानीय पुलभट्टा थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र चांद बाबू विगत 2 दिनों से लापता है जिसकी काफी खोजबीन की गई किंतु पता नहीं चल पाया है। बहुत खोजबीन करने के बाद गुमशुदगी दर्ज कराई गई है।



# राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एमेच्योर कराटे-डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की और से रविवार को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर में भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमेच्योर कराटे-डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेरा, महासचिव सिहान किशोर सिंह, चेतन धीर, शेखर सक्सेना, अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी शरद जोशी द्वारा सयुक्त रूप से सभी कराटे खिलाडियों का माल्यार्पण कर, मिठाई खिलाकर, बुके, प्रशस्ति पत्र देकर एवं पदक पहनाकर गर्मजोशी के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष शंकर सिंह बसेरा ने अपने विचार रखते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। और कहा कि सम्मान से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन होता है। साथ ही अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। इसलिए इस तरह के सम्मान समारोह के आयोजन होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सम्मान मिलने के बाद सफलता का सफर समाप्त नहीं होना चाहिए। बल्कि दोगुना उत्साह से आगे



बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो खिलाडी असफल होते हैं उन्हें भी मायूस होने की आवश्यकता नहीं है। लगातार प्रयास से सफलता की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। विशिष्ठ अतिथि शेखर सक्सेना ने कहा कि यदि खिलाड़ियों को मंच दिया जाए तो उनकी प्रतिभा को सामने लाया जा सकता है। जैसा उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने पदक अर्जित का अपने हुनर का परिचय दिया है, जोकि बधाई के पात्र है। महासचिव सिहान किशोर सिंह ने बताया कि 11 से 12 अगस्त 2023 तक एनकेएफआई नेशनल कराटे फैडरेशन के तत्वावधान एवं तेलांगना एमेक्योर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के सौजन्य से कोटला विजय भास्कर रेड्डी इंडोर स्टेडियम यूसुफगुडा, हैदराबाद में आयोजित हुई एनकेएफआई चतुर्थ राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड राज्य के कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए पांच स्वर्ण पदक, चार रजत पदक, सात कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम आयोजक सचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में कुमिते इवेंट में लवली विश्वकर्मा, वंश बिष्ट ने स्वर्ण पदक, सारा जीना, अंशिका शर्मा, वंश थापा, गुलशन कुमार ने रजत पदक, क्षितिज सिंह, सृष्टि वशिष्ठ, रूनू शर्मा, साक्षी पंत ने कांस्य पदक जीते। काता इवेंट में सृष्टि वशिष्ठ, लवली विश्वकर्मा, क्षितिज सिंह ने स्वर्ण पदक, अंशिका शर्मा, सोनम कोली, वंश थापा ने कांस्य पदक जीते। कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड राज्य की ओर से रूनू शर्मा द्वारा कुमिते जज बी की परिक्षा उत्तीर्ण करने पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ऋषि मार्शल आर्ट अकैडमी रुद्रपुर के खिलाड़ियों द्वारा काता एवं डुओ शो डेमोंसट्रेशन दिखाया गय। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सह खेल निदेशक सुरेश चंद्र पांडेय, डीएसओ गिरीश कुमार, अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी शरद जोशी, गोविंद परिहार, पूर्व प्राचार्य डी.डी जोशी, विजय गिरधर, राजेश कुमार, चेतन धीर, नीतीश कुमार, सतनाम चावला, ए.जे. बटसर, श्रीमती साधना बटसर, रघु रावत, सेंसेई जॉनी हिराम, सेंसई शोभा तिग्गा, अमन सिंह, हिमा भट्ट, कंचन बसेरा, अजय शर्मा, शालिनी शर्मा, हिमालय सिंह बिष्ट, जगविंदर सिंह, अपूर्व सिंह, राजीव राणा, सुखदेव सिंह, वसीम खान, गंगा मेहरा, कमल सिंह, जय प्रकाश, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र कुमार, आकृति कौर, बलविंदर सिंह, प्रिया विश्वास, हैप्पी सिंह, मनीष अरोरा, सूर्य प्रकाश जलाल सहित अनेकों अभिभावक मौजूद रहे।

# डा.प्रदीप अदलखा की माता का निधन

## मरणोपरांत नेत्रदान कर दो लोगों का जीवन रोशन कर गयी विद्या रानी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. नारायण दास अदलखा की पत्नी एवं नारायण हॉस्पिटल के एमडी डा. प्रदीप अदलखा की मां विद्या रानी अदलखा का रविवार दोपहर निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पहुंच कर शोक प्रकट किया अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। 75 वर्षीय विद्यारानी अदलखा पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। रविवार दोपहर को उन्होंने नारायण अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद परिवार ने उनके नेत्रदान का निर्णय लिया। जिस पर सीएल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की तकनीकी टीम ने दीपक कुमार की अगुवाई में रुद्रपुर बाजार स्थित निवास पर पहुंच कर नेत्रदान की कार्रवाई की गयी। विद्यारानी अदलखा की आंखे दो घरों को रोशन



करेगी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सदस्य नरेंद्र अरोरा ने लोगो से बढ़ चढ़ कर नेत्रदान की अपील की। देर शाम विद्या रानी का किच्छा बाई पास स्थित शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान शोक व्यक्त करने वालो में मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डी के शर्मा, जिलाध्यक्ष देवभूमि व्यापार मंडल गुरमीत सिंह, डा. अजय अरोरा, डा. रणजीत सिंह गिल, डा. नीतिक बाठला, डा. रवि फुटेला, डा. दीपक छाबड़ा, डा. प्रशांत, डा. परमजीत सिंह चीमा, रोहताश बत्रा, बरीत सिंह, राजकुमार खनिजो, अशोक बंसल, हरीश मुंजाल, अनमोल चौधरी, संजय जुनेजा, संजय ठुकराल, आशीष छाबड़ा, परमपाल सुखीजा, भारत भूषण चुघ, ललित बिष्ट, रमेश मिढा, गौरव बेहड़,हिमांशु शुक्ला,संदीप चीमा,अनुभवचौधरी, महेश कुमार सहत सैकड़ों लोग शामिल थे।

# सद्भावना दिवस के रूप में मनाई राजीव गांधी की जयंती

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न युवा हृदय सम्राट, स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सिटी क्लब में प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नगर निगम में कार्यरत महिला स्वच्छक, पर्यावरण मित्रों को फूल माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बाद में कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वर्गीय गांधी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बाबरा, पी सी सी परिमल राय, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, पार्षद सरदार इंद्रजीत सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश सोनी, बीडीसी राखी जोशी, पूर्व बीडीसी राकेश जोशी, पूनम गुप्ता, मंजू जैन, दिलशाद अहमद,



यूथ कांग्रेस की कुमायूं कोऑर्डिनेटर सोफिया नाज, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, निगम पार्षद प्रीति साना, सायरा बानो, अशफाक अहमद, मधु सिकदर, सुदर्शन शर्मा, पूर्व असलम जावेद, दिनेश मौर्या, संतोष चौहान, रविंद्र गुप्ता, नाजिर अहमद, विजय हरि, सुमित राय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को बताया आधुनिक भारत का निर्माता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर स्वराज आश्रम कांग्रेस भवन मे महानगर कांग्रेस ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया और उनके कुशल नेतृत्व में भारत के आधुनिक भारत तक के सफर पर विस्तार से चर्चा की। श्री बिष्ट ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता है। उनके कुशल नेतृत्व में ही पंचायती राज की परिकल्पना साकार हुयी। सूचना-संचार व



कम्प्यूटर क्रांति के माध्यम से स्व. राजीव ने देश को आगे लेकर जाने का कार्य किया। हम सब कांग्रेस जन राजीव के अधूरे सपनो को हर हाल हर परिस्थिति में मिलकर पूरा करेंगे। इस दौरान एनबी गुणवंत, हेमन्त बगडवाल, शोभा बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट और हेम पांडे, राजेन्द्र बिष्ट, पार्षद नीमा भट्ट, राधा आर्य, रवि जोशी, राजेन्द्र जीना, गोविंद बगडवाल, मयंक भट्ट, मलय बिष्ट, त्रिलोक बनोली, मनोज बिष्ट, विनोद कुमार, संदीप भैसोड़ा, योगेश कांडपाल, ताहिर भाई, अशोक जोशी, हर्षित भट्ट, मीमांशा आर्य, प्रदीप नेगी, बबलू बिष्ट, अमित रावत, प्रदीप बिष्ट, चंदन भाकुनी आदि मौजूद थे।

# अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग में चैंपियन बनी एमेनिटी अकैडमी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का खिताब एमेनिटी मदन लाल क्रिकेट एकेडमी रुद्रपुर के नाम रहा। फाइनल मुकाबला एमेनिटी अकैडमी और हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकैडमी काशीपुर के मध्य तीन दिवसीय मैच एमेनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड रुद्रपुर में खेला गया। जिसमें एमिनिटी एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले हाइलैंडर अकैडमी काशीपुर को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। हाइलैंडर एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते पहले दिन में 69 ओवरों में सभी विकेट खोकर 179 रन बनाए। एमेनिटी एकेडमी की तरफ से आदित्य राणा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट ली। दूसरे दिन में एमेनिटी एकेडमी ने 4 विकेट खोकर 308 रन बनाया जिसमें आदित्य शाह ने नाबाद 199 रनों पर खेल रहे थे । तीसरे और अंतिम दिन एमेनिटी अकादमी ने अपनी पारी को आगे बढ़ते हुए 6 विकेट पर 506 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें एमिनिटी अकादमी की तरफ से आदित्य शाह ने 448 गेंद का सामना करते हुए 34 चौकों की सहायता से 300 रन बनाकर नाबाद रहे। उनका साथ काव्य जोशी ने दिया जिन्होंने 279 गेंदों पर 125 रनों की पारी खेली। हाइलैंडर की तरफ से सिद्धार्थ ने 3 शौर्य श्रीवास्तव मयंक और मनीष ने 1-1 विकेट लिए। एमिनिटि एकेडमी ने 506 रनों की विशाल स्कोर की पारी की समाप्ति की घोषणा के बाद हाईलेंडर की टीम ने खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 86 रन बनाया। निर्णयको ने पहली पारी के बढ़त के आधार पर एमेनिटी स्पोर्ट्स अकैडमी को विजेता घोषित किया गया। एमेनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी रुद्रपुर अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता की चैंपियन बनी। इस मैच के मैन ऑफ द मैच




आदित्य सा रहे जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 300 रन की एक विशाल पारी खेली। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीवांश यादव, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आदित्य शाह, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज आदित्य राणा , सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर निष्कर्ष भटेजा रहे। इस मैच के अंपायर नमन गेरवाल और मोहम्मद नवाज ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में सिडकुल इंटरप्रीमियोर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्रीखर सिन्हा, विशिष्ट अतिथियों में संतोष रघोड़े प्लांट हैंड ऑटो कॉम्पोनेंट्स लिमिटेड, निकलेश शानदीलय ,मुकेश उपाध्याय, नरेश चंद्र के द्वारा विजेता व उपविजेता टीम व खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि श्रीखर सिंह ने जिला उधम सिंह नगर में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के द्वारा क्रिकेट पर किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद किया। इस अवसर पर गौरव तिवारी आफताब आलम ,नूर आलम, राहुल पवार, बलवंत सिंह, इंद्र नीलकर, कादर खान , सुनील शर्मा ,आशीष कुमार, दीपक अरोड़ा ,सत्येंद्र मिश्रा निर्भय कुमार ,सुमित घोष, ए के चहल ,शिशिर शर्मा ,राजेंद्र सक्सेना, रवि, संजीव पटेल , साजिद सभी वरिष्ठ क्रिकेटर उपस्थित रहे।

# पुलिस लाईन में रही हरियाली तीज की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस लाईन में हरियाली तीज के अवसर धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि डा0 नंदिता मंजुनाथ व मिस प्रभा उदयराज ने दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में श्रीमती ऋतुजा घोडके, श्रीमती रीतु कत्याल, श्रीमती दीपिका सिंह, वंदना वर्मा सीओ काशीपुर व जनपद के सभी महिला कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर महिला पुलिसकर्मियों में पर्व को लेकर काफी जोश दिखाई दिया। रंगारंग कार्यक्रम में पुलिस परिवार की महिलाओं ने डांस व विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित कीं। कार्यक्रम की सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन हेतु डा0 नंदिता मंजुनाथ द्वारा पुरुस्कार वितरित किए गए। तीज कार्यक्रम में सोनाली बोरा ने प्रथम स्थान व बबीता कार्की ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में सुनीता ने प्रथम श्रीमती रेखा जोशी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।








# देश की संस्कृति के तत्वों को युवाओं तक पहुंचाएं शिक्षक: सुंठा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "भारत का समृद्ध सांस्कृतिक अतीत : चिन्ताएँ और वास्तविकताओं का रहस्योद्घघाटन" विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न हुआ। इस दो दिवसीय सत्र के समापन समारोह को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए निदेशक उच्च शिक्षा प्रोफेसर चंद्र दत्त सुंठा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के तत्वों से युवाओं को परिचित कराने का दायित्व शिक्षकों के ऊपर है। नई शिक्षा नीति 2020 भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रकाश में लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि महाविद्यालयों में इस तरह के सेमिनार समय समय पर आयोजित होते रहने चाहिए ताकि इनसे प्राप्त निष्कर्षों के माध्यम से सरकार को नीति निर्माण में मदद मिल सके। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर ललित तिवारी निदेशक शोध और प्रसार प्रकोष्ठ, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल ने अपने उद्बबोधन में कहा कि भारत के सांस्कृतिक अतीत को उसकी समग्रता में देखे जाने की जरूरत है। आपने जैव विविधता को संस्कृति से जोड़ते हुए बताया कि भारत के अलग अलग प्रांतों और भूखण्डों में मौजूद विविधता उनकी संस्कृति में भी परिलक्षित होती है । विशिष्ट अतिथि भारतीय लोक प्रबंधन संस्थान , नई दिल्ली के प्रोफेसर साकेत बिहारी ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को समझने के लिए हमें सबसे पहले अपने वैचारिक पूर्वाग्रहों को त्यागना होगा। आपने वेदों और उपनिषदों में व्याप्त ज्ञान और उसके आधार पर प्रचलित जीवन शैली को अपनाने पर जोर दिया। समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य और हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शम्भू दत्त पाण्डेय ने कहा कि भारत की महान संस्कृति के तत्वों से युवाओं को परिचित



कराने की जरूरत है। इस दो दिवसीय सेमिनार में कुल 23 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इन शोध पत्रों से प्राप्त निष्कर्षों को उचित माध्यम से सरकार को प्रेषित किया जाएगा ताकि इनके आधार पर नीति निर्धारण में सहायता मिल सके। इन शोध पत्रों के आधार पर आगामी दिनों में एक पुस्तक को प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है।कार्यक्रम के ऑनलाइन तकनीकी सत्र का संचालनमहाविद्यालय के प्राध्यापक समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार सिंह ने किया। ऑनलाइन सत्र की अध्यक्षता आईआईटी पटना के प्रोफेसर नलिन भारती ने किया। सत्र को डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश के असिस्टेंट प्रोफेसर आशुतोष कुमार मिश्र ने भी सम्बोधित किया। सेमिनार का आयोजन समाजशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। इसके समन्वयक समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंचलेश कुमार तथा आयोजक सचिव प्रोफेसर हेमलता सैनी रही। प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी तथा डॉ. राजेश कुमार सिंह ने सह- समन्वयक की भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अपर्णा सिंह तथा क्रीड़ा विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग और कार्यक्रम को फेसबुक पर लाइव स्ट्रीमिंग करने में महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय के कर्मचारी चंद्रशेखर पाठक ने सेमिनार को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा प्रोफेसर हेमलता सैनी ने इस दो दिवसीय सेमिनार की विस्तृत आख्या प्रस्तुत की।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार, डॉ. रवीश त्रिपाठी, डॉ. शलभ गुप्ता, डॉ. सुनील मौर्य, डॉ. दीपमाला, डॉ. वकार हसन खान, डॉ. बामेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. अपर्णा सिंह तथा शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागी डॉ. बबित कुमार विहान, डॉ. आशीष अंशु, गरिमा बिष्ट, अनु, रेणु भण्डारी, प्रमोद वर्मा, जगदीश पाण्डेय, इल्मा मलिक, गौसिया, कुमारी शैलजा , ललिता धामी, हनी कुमार, अर्चना वर्मा, सुनील भारती, शिवांगी पाण्डेय, हर्षवर्धन, जय श्री जोशी आदि उपस्थित रहे।

# पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।15 खिलाड़ी गोवा राष्ट्रीय खेलों करेंगे प्रतिभाग 37वें नेशनल गेम्स गोवा में चयनित पेंचक सिलाट खिलाड़ियों को उत्तराखंड ओलंपिक संघ के सचिव डाक्टर डी के सिंह द्वारा मिठाई खिलाकर और ओलंपिक के अंगवस्त्र को पहनाकर सम्मानित किया गया। 11वी पेंचक सिलाट राष्ट्रीय सीनियर महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता महाराष्ट्र के नासिक में 12 से 16 अगस्त तक संपन्न हुई जिसमें देवभूमि उत्तराखंड के 22 पेंचक सिलाट खिलाड़ियों ने उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 1 रजत और 3 कांस्य पदक अर्जित कर प्रदेश का नाम रोशन किया। उत्तराखंड के इतिहास में पहली बार पेंचक सिलाट खेल से सबसे अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों गोवा में उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तराखंड प्रदेश के 15 खिलाड़ी आगामी गोआ में आयोजित प्रतियोगिता उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे । नासिक में आयोजित प्रतियोगिता में कीर्ति गोसाई रामनगर ने रजत, निखिल भारती रूद्रपुर ने कांस्य पदक, ईशू भारती रूद्रपुर ने कांस्य पदक और अभिषेक देहरादून ने भी कांस्य पदक प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों के उत्तराखंड वापस लौटने पर सभी खिलाड़ियों ने उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डाक्टर डी के सिंह से ओलंपिक ऑफिस पहुँचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । डी के सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ओलंपिक संघ के अंग्वस्त्र पहनाकर को पहनाकर सभी का स्वागत किया। उत्तराखंड टीम के मुख्य कोच राकेश कुमार एवं महिला कोच सारिका पटेल रहे। 37वे राष्ट्रीय खेल गोवा हेतू चयनित खिलाड़ियों में कीर्ति गोसाईं ,निखिल भारती ,ईशू भारती के अलावा अभिषेक जनपद देहरादून,पूजा जनपद चम्पावत, गायत्री जनपद ऊधम सिंह नगर, कार्तिकेय जनपद देहरादून,दीपक सिंह जनपद नैनीताल,कार्तिक पटेल जनपद देहरादून, दीपक रावल जनपद नैनीताल, रीता भंडारी जनपद नैनीताल, कनुप्रियाजनपद देहरादून, मुकेश यादव जनपद ऊधम सिंह नगर,नवीन जनपद ऊधम सिंहनगर और मो. सर्जिल जनपद देहरादून शामिल हैं।

# सम्मान समारोह कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। बंगाली समाज की सर्वोच्च समिति बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष राम चंद्र राय के आह्वान पर बंगाली समाज के प्रबुद्धजन एवं गणमान्य लोग रतनफार्म नंबर 3 राजनगर में एकत्रित हुए। बंगाली कल्याण समिति के द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह का आयोजन देवभूमि बैकुंठपुर में 27 अगस्त दिन रविवार को किया जा रहा है। बंगाली समाज के उन्नयन एवम कला, साहित्य संस्कृति, सामाजिकता, खेल, स्वास्थ, शिक्षा ,नशाउन्मूलन, पत्रकारिता, नाट्य, भाषा एवम विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महानुभावों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। सम्मान समारोह के आयोजन को सफल बनाने के लिए राजनगर में हुए बैठक में बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। कर्मचारी मंच के



प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सरकार एवम क्षेत्रीय अध्यक्ष विजन राय ने हरसंभव सहयोग की बात करते हुए आंचलिक बंगाली कल्याण समिति को नगद सहयोग धनराशि भी दिए। बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश सहसचिव प्रियजीत राय,संजीत खान,नरेश साना, प्रकाश राय,सव्यसाची हालदार,गोविंद देवनाथ,अनूप राय, अमित हालदार, सुमित मंडल,राजा हालदार, रबेन मंडल, जयंत मंडल, अनिमेष सरकार, आनंद राय, मखम मंडल आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## रचनात्मक पाठ्यक्रम

किसी भी बच्चे के भीतर रचनात्मकता की असीम संभावनाएं होती हैं। अगर उसे एक सीमित ढांचे के भीतर समेट दिया जाता है तो उसकी प्रतिभा भी उसी दायरे में सिमट कर रह जाती है। इसलिए बचपन और किशोरावस्था में ही रुचियों की पहचान करके अगर किसी बच्चे को उसकी रुचि के क्षेत्र में जानने-समझने और कुछ करने का अवसर दिया जाए तो पूरी संभावना है कि भारी तादाद में बच्चों की प्रतिभा सामने आएगी और उसका लाभ देश और समाज को मिलेगा। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में यह एक बुनियादी पक्ष होना चाहिए और कुछ हद तक इसका खयाल रखा भी गया है, मगर अब सरकार औपचारिक रूप से इस दिशा में एक ठोस पहल करने जा रही है।गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय स्कूली विद्यार्थियों को वैज्ञानिक पद्धतियों और प्रयोगों से परिचित करा कर उन्हें अनुसंधान और खोज का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 'प्रयास' यानी 'प्रमोशन आफ रिसर्च एटीट्यूड इन यंग एंड एन्सपायरिंग स्टूडेंट्स' योजना शुरू करने जा रहा है। इस योजना का मकसद युवा विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक चिंतन उत्पन्न करना और साक्ष्य आधारित विज्ञान प्रक्रिया, नवीनता और रचनात्मकता का विकास करना है।यह एक तथ्य है कि बच्चों और किशोरों में खोजने और सीखने की प्रक्रिया काफी तीक्ष्ण होती है। खासकर अगर पढ़ाई-लिखाई के दौरान उनकी रुचि के विषय को निर्बाध तरीके से विकसित होने दिया जाए तो उनकी रचनात्मकता अक्सर कुछ नया खोज लाती है। लेकिन हमारे यहां आमतौर पर निर्धारित पाठ्यक्रम ज्यादातर बच्चों के लिए शिक्षण के ढांचे का एक अनिवार्य हिस्सा होता है और उसी के मुताबिक उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करनी होती है। इसमें कई वैसे बच्चों की प्रतिभा दबी रह जाती है, जिनकी अभिरुचियों को सही दिशा और उसे समझने का अवसर नहीं मिल पाता है। बल्कि इसके उलट ऐसे मामले आम हैं, जिनमें स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार अभिभावक बच्चों को ऐसे विषयों की पढ़ाई में झोंक देते हैं, जिसे उन्हें जबरन पढ़ना पड़ता है। यह मान लिया जाता है कि निर्धारित पाठ्यक्रम और अभिभावकों की इच्छा के मुताबिक ही बच्चों की शिक्षा-दीक्षा होनी चाहिए, उन्हें अपनी पसंद के विषय में कुछ नया समझने और सीखने के प्रति हतोत्साहित किया जाता है।यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसकी वजह से स्कूली शिक्षा के दौरान बहुत सारे बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा का एक तरह से दमन हो जाता है। जो बच्चे ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में नई खोज के वाहक बन सकते हैं, वे एक बने-बनाए रास्ते के यात्री बने रह जाते हैं। इस लिहाज से देखें तो 'प्रयास' की अहमियत इस रूप में दर्ज की जा सकती है कि इसमें व्यक्तिगत रूप से या समूहों में अनुसंधान या खोज करने के लिए विद्यार्थियों की क्षमता विकास पर जोर दिया गया है। दरअसल, बच्चे सबसे ज्यादा अपने आसपास के वातावरण को देख-समझ कर सीखते हैं। शायद यही वजह है कि इस योजना के तहत किसी स्थानीय समस्या की पहचान और उसका अध्ययन करने, इसके पीछे के वैज्ञानिक कारणों की जांच करने और समाधान खोजने के साथ-साथ किसी विचार, कल्पना या अवधारणा पर शोध करने पर जोर दिया गया है। जाहिर है, अगर बच्चों और किशोरों के मनोविज्ञान की समझ रखने वाले विशेषज्ञों के सुचिंतित निर्देशन में सही दिशा में अवसर उपलब्ध कराए गए तो यह योजना विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता के आकाश को विस्तार देने के लिहाज से एक अहम पहल साबित हो सकती है।

# गुजरात के तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, सात की मौत

## सात घायलों को एम्स ऋषिकेश और दून अस्पताल रेफर किया, डीएम ने दिये जांच के आदेश

उत्तरकाशी। उत्तराखंड में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। गंगोत्री हाईवे पर गंगनानी के पास तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस खाई में गिर गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में 28 घायलों को जिला अस्पताल उत्तरकाशी मे भर्ती कराया गया। इसमें से सात गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एम्स ऋषिकेश और दून अस्पताल देहरादून के लिए रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री हादसे पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि गंगोत्री से उत्तरकाशी जा रही बस के गंगनानी में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ है। प्रशासन को त्वरित रूप से राहत और बचाव कार्य संचालित करने एवं घायलों के उपचार के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है। वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने उत्तरकाशी जिले में हुई वाहन दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों के प्रति शोक जताया है। राज्यपाल ने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। डीएम ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए एसडीएम भटवाड़ी को जांच अधिकारी बनाया गया है। वहीं सात बिंदुओं की जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, बस संख्या(ना 07 8585) 35 यात्रियों को लेकर गंगोत्री से उत्तरकाशी की ओर आ रही थी। इस दौरान बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे की सूचना पर थाना मनेरी पुलिस, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ और आपदा प्रबंधन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। कुछ देर में डीएम अभिषेक रूहेला और एसपी अर्पण यदुवंशी भी मौके पर पहुंच गए। देर शाम तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में 28 घायलों को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाया गया। एक घायल के वाहन में फंसे होने के कारण उसे निकालने में थोड़ा वक्त लागा। कुछ देर बाद उसे भी निकाल लिया गया। हादसे में घायलों को 108 सेवा व एंबुलेंस के जरिये नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि बस में तीर्थयात्री व ड्राइवर व हेल्पर सहित कुल 35 लोग सवार थे। सात के शव बरामद किए जा चुके हैं। हादसे में जान गंवाने वालों में मीना बेन उपाध्याय (51)गणपतराम मेहता,(61) दक्षा मेहता(57) राजेश मैर(40) अनिरूद्ध जोशी(35) गिगा बाई भमर(40) करनजीत भाटी(29) शामिल है।





# जिंदा बचे परिचालक ने बतायी आपबीती,मोड़ आते ही पलट गई बस

उत्तरकाशी। गंगनानी बस हादसे में जिंदा बचे गुजरात भावनगर के तीर्थयात्री नीरज दवे ने बताया कि सड़क संकरी थी। पलक झपकते ही यह हादसा हुआ और बस कई पलटी खाकर खाई में जा गिरी। हादसे में नीरज के दोनों पैरों, कमर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। बीते रविवार सुबह करीब सात बजे गुजरात के तीर्थयात्री गंगोत्री धाम के दर्शनों को रवाना हुए थे, जिन्हें नहीं पता था कि धाम के दर्शन कर लौटते समय वह हादसे का शिकार हो जाएंगे। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 28 लोग घायल हो गए। हादसे में जो जिंदा बचे हैं वह भगवान का शुक्रिया अदा करते नहीं थक रहे हैं। देहरादून के सभावाला निवासी बस के परिचालक संजू ने बताया कि वह पहली बार इस रूट पर आए थे, भगवान की कृपा है कि बच गए। बस ज्यादा नीचे जाती तो शायद कोई नहीं बचता। हादसे में परिचालक संजू के दोनों पैर चोटिल होने के साथ सिर पर चोटें आई हैं। परिचालक संजू ने बताया कि वाहन के चालक मुकेश भी सभावाला देहरादून के रहने वाले हैं। जो गंभीर घायल हैं। एक अन्य तीर्थयात्री जीतू भाई ने बताया कि वह परिचालक के बगल में ही पहली सीट पर बैठे थे, मोड़ आते ही बस पलट गई और कई पलटी खाते हुए बस के परखच्चे उड़ गए। एक अन्य घायल कमलेश उपाध्याय ने बताया कि वह अपनी पत्नी मीना के साथ बैठे थे। वह तो जिंदा बच गए हैं, लेकिन उनकी पत्नी का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाए गए कमलेश की आंखें इलाज के लिए पहुंच रहे लोगों में पत्नी को ही ढूंढ रही थी। तीर्थयात्रियों का दल हरिद्वार के साथ चारधाम की यात्रा की प्लानिंग करके घर से निकला था। हादसे में घायलों ने बताया कि वह 15 अगस्त को गुजरात से चले थे। इसके बाद उन्होंने हरिद्वार और यमुनोत्री के दर्शन किए। रविवार को वह गंगोत्री के दर्शन कर लौट रहे थे। इसके बाद उन्हें केदारनाथ व बदरीनाथ भी जाना था, लेकिन हादसे ने उनकी धार्मिक यात्रा पर विराम लगा दिया है।

# हरीश रावत कांग्रेस के स्थायी आमंत्रित सदस्य बने

## कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति में गणेश गोदियाल को भी किया शामिल





देहरादून(उद संवाददाता)। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति में इस बार उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व बढ़ाया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को स्थायी आमंत्रित सदस्य और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप कांग्रेस कार्यसमिति में शामिल किया है। उत्तराखंड का प्रभारी होने के नाते देवेंद्र यादव भी कार्यसमिति में शामिल हैं। सीडब्लूसी की लिस्ट जारी होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने दोनों नेताओं को शुभकामनायें दी है। गौरतलब है कि पूर्व सीएम हरीश रावत को स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाये जाने पर कांग्रेस में एक बार फिर साबित हो गया कि पार्टी आलाकमान पर अब भी हरीश रावत की मजबूत पकड़ बनी हुई है। महत्वपूर्ण यह कि गणेश गोदियाल को भी हरीश रावत खेमे का ही माना जाता है। प्रदेश कांग्रेस में इस समय भले ही सतह पर पर सब कुछ ठीक दिखाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अंदरखाने ऐसा है नहीं। कांग्रेस में इस समय कई धड़े बने हुए हैं। हरीश रावत लंबे समय से प्रदेश में कांग्रेस का प्रमुख स्तंभ रहे हैं। उनके राजनीतिक अनुभव को तरजीह देते हुए आलाकमान ने उन पर भरोसा कायम रख स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में कांग्रेस कार्यसमिति में शामिल किया है। इस बार विशेष यह है कि पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी कार्यसमिति में जगह बनाने में सफल हुए हैं। गणेश गोदियाल का कद कांग्रेस में पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ रहा है। उन्हें कुछ समय पूर्व ही राजस्थान में पार्टी ने स्क्रीनिंग समिति का सदस्य भी नियुक्त किया है। गोदियाल को कार्यसमिति में शामिल कर कांग्रेस ने उत्तराखंड में क्षेत्रीय संतुलन साधने का प्रयास किया है। पिछली कार्यसमिति में उत्तराखंड से केवल हरीश रावत शामिल थे, जो कुमाऊं मंडल से आते हैं। इस बार कांग्रेस ने गोदियाल के रूप में गढ़वाल मंडल को भी कार्यसमिति में प्रतिनिधित्व दिया है।

# दस जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

देहरादून। प्रदेश में देहरादून समेत दस जिलों में आज भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और बागेश्वर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हरिद्वार, टिहरी, चमोली, ऊधमसिंह नगर और पिथौरागढ़ जिले के लिए येलो अलर्ट है। अन्य जिलों में भी बारिश हो सकती है। वहीं, सोमवार को भी दून जिले में तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार जिले के कुछ इलाकों में तेज गर्जना और बिजली चमकने के साथ कई दौर की बारिश हो सकती है। मौसम केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, इन दस जिलों में तेज गर्जन और बिजली चमकने के साथ तेज बारिश हो सकती है। जबकि, 22 अगस्त से फिर प्रदेशभर में भारी बारिश होने के आसार हैं।तीन दिन बाद दून में मूसलाधार बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बीते शनिवार के मुकाबले रविवार को दून का अधिकतम तापमान तीन डिग्री कम दर्ज किया गया। उधर, मूसलाधार बारिश से शहर में कई जगह जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर हुए गड्ढों ने वाहन चालकों और राहगीरों की समस्या दोगुनी कर दी। शनिवार को दून का अधिकतम तापमान पांच डिग्री बढ़ोतरी के साथ 34.4 डिग्री दर्ज किया गया था। जबकि, रविवार को अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बारिश से भले ही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली, लेकिन रेलवे स्टेशन चौक, एस्लेहाल चौक, आईएसबीटी चौक, प्रिंस चौक समेत कई जगह जलभराव से लोगों को परेशान होना पड़ा।

# गैरसैंण में होगा उत्तराखंड क्रांति दल का अधिवेशन

## 21वें महाधिवेशन में दल के केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल के 17 सितंबर को गैरसैंण में होने वाले 21वें द्विवार्षिक महाधिवेशन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। दल के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, महाधिवेशन में दल के केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। चुनाव के लिए केंद्रीय महामंत्री प्रताप कुंवर चुनाव अधिकारी एवं केंद्रीय संगठन मंत्री समीर मुंडेपी सह चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं। केंद्रीय अध्यक्ष के मुताबिक, द्विवार्षिक महाधिवेशन के लिए पूर्व में भी अधिसूचना जारी की गई थी। पूर्व में जारी अधिसूचना के मुताबिक, 24-25 जुलाई को गैरसैंण में महाधिवेशन कराया जाना तय हुआ था। दल के केंद्रीय महामंत्री देवेंद्र चमोली की अध्यक्षता में महाधिवेशन के लिए संयोजक मंडल गठित किया गया था।



इसके अलावा चुनाव अधिकारी नियुक्त करते हुए चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी, लेकिन अगस्त माह के शुरुआत में ही राज्य में जगह-जगह अतिवृष्टि, भूस्खलन और जलभराव होने लगा। मौसम विभाग की ओर से भी बादल फटने और भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई, जिसे देखते हुए चुनाव स्थगित कर इसे नवंबर माह में कराने का निर्णय लिया गया। ऐरी के मुताबिक, दल के केंद्रीय अध्यक्ष पद के लिए छह से आठ सितंबर शाम पांच बजे तक नामांकन होगा। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के पात्र वहीं होंगे, जिन्होंने एक जनवरी 2023 के बाद सदस्यता का नवीनीकरण करवाया हो। 30 अप्रैल 2023 तक सक्रिय सदस्यता बुक संबंधित जिलाध्यक्ष को जमा करवा दी हो और शुल्क केंद्रीय कोष में जमा करा दिया हो। नौ सितंबर 2023 को नामांकन की जांच होगी। 10 सितंबर को नाम वापसी और 17 सितंबर को मतदान होगा। नामांकन की प्रक्रिया केंद्रीय कार्यालय में होगी। केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ ही प्रदेश के सभी जिला एवं महानगरों के चयनित प्रतिनिधि अधिवेशन में भाग ले सकेंगे। महाधिवेशन में केंद्रीय कोषाध्यक्ष द्विवार्षिक आय व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर बस सीज

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध देघाट पुलिस की सख्त कार्यवाही एल्कोमीटर की चेकिंग में केमू बस चालक व बाईक चालक पर हुई कार्यवाही की गई। थाना देघाट के उ0नि0 जीवन सिंह सामंत द्वारा हमराही पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान के दौरान तारानगर के पास रामनगर से देघाट आ रही एक केमू बस को रोककर चालक सुरेश चन्द्र, निवासी भिकियासैण अल्मोड़ा का एल्कोमीटर से टेस्टकिया गया तो बस चालक अत्यधिक शराब के नशे में बस में सवार 11 यात्रियों की जान खतरे में डालकर वाहन चलाता पाया गयावाहन चालक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर केमू बस को सीज करते हुए चालक के डीएल को निरस्तीकरण हेतु कब्जे में लिया गया तथा बस में सवार सभी यात्रियों को अन्य वाहन से गंतव्य को भेजा गयाचेकिंग के दौरान ही वाहन मोटर साईकिल संख्या यूके 04 9562 का चालक लक्ष्मण सिंह गुसाईंनिवासी सराईखेत, सल्ट शराब के नशे में बिना डीएल वाहन चलाता पाया गया,जिस पर चालक को गिरफ्तार कर मोटर साईकिल पल्सर को सीज किया गया।



# हरिद्वार पहुंचे चंपत राय, प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर संतों से की चर्चा

## जनवरी 2024 में गर्भगृह में विराजेंगे रामलला

हरिद्वार(उद संवाददाता)। श्रीराम लला अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर के गर्भगृह में जल्द विराजेंगे। जनवरी 2024 में मकर संक्रांति और गणतंत्र दिवस के बीच भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। कार्यक्रम की रूपरेखा पर संतों से चर्चा करने और आमंत्रण लेकर पहुंचे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने जानकारी दी।धर्मनगरी में संतों को आमंत्रित करने पहुंचे विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय रविवार को श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज सहित अन्य वरिष्ठ संतों से वार्ता की। उन्होंने संतों से जनवरी 2024 में मकर संक्रांति से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी तक किसी अन्य कार्यक्रम से स्वयं को मुक्त रखने और रामलला के भव्य आयोजन में शामिल होने की अपील की। महोत्सव में देशभर से सभी धर्म संप्रदाय के संत उपस्थित रहें, ऐसा आग्रह सभी से किया जा रहा है। उन्होंने संतों से आग्रह किया कि अयोध्या में होने वाले भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साक्षी बनें। इस दौरान पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी महेशानंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि, विहिप केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज, बजरंग दल प्रांत संयोजक अनुज वालिया आदि मौजूद रहे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में चंपत राय ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भूतल पर लगभग 80 प्रतिशत सात लेंटर का कार्य पूर्ण हो चुका है। द्वितीय तल पर कार्य चल रहा है। भगवान श्रीराम जन्म स्थान गर्भ गृह बनकर तैयार हो चुका है। उन्होंने कहा शेष कार्य चलता रहेगा। संतगण प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हों इसके लिए उन्हें आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाध रूप से दर्शन, पूजन चलता रहेगा। इसके साथ ही शेष निर्माण कार्य को भी पूरा किया जाएगा। किसी तरह का अवरोध न हो इसकी पूरी व्यवस्था की जा रही है।



# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाये दांवपेंच

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला ताईक्वांडो ऐसासिएशन द्वारा सिटी क्लब में आयोजित उत्तराखण्ड स्टेट ताइक्वांडो चौंपियनशिप में पहले दिन खिलाड़ियों कई रोमांचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने शादान खेल का प्रदर्शन किया। पहले दिन समापन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनका हौंसला बढ़ाया। पहले दिन अंडर-18 में नैनीताल के कुनाल बोरा ने गोल्ड मेडजल और उधम सिंह नगर के अंश गुप्ता ने सिल्वर मेडल जीता। अंडर 21 में बागेश्वर के देवाशीष ने गोल्ड, देहरादून के सहिष्णु नेगी ने सिल्वर, नैनीताल के कार्तिक मेहरा और अल्मोड़ा के प्रथाबर मठपाल ने ब्रॉंज मेडल जीते। अंडर 41 में बागेश्वर की वर्षा देओली ने गोल्ड, हरिद्वार की अंकिता चौहान ने सिल्वर और देहरादून की ओनी भट्ट ने ब्रॉंज मेडल जीता। अंडर 47 में बागेश्वर की कांति ने गोल्ड, चंपावत की अदिति ने सिल्वर और नैनीताल की रिद्धि शर्मा ने ब्रॉंज मेडल जीता। अंडर 57 केजी में बागेश्वर की चेतना ताकुली ने गोल्ड,देहरादून की सृष्टि सिंह ने सिल्वर और नैनीताल के उत्सत कौर ने ब्रॉंज मेडल प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, कुमांऊ विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी नागेन्द्र शर्मा, भाजपा नेत्री शालिनी बोरा एवं राजेश जग्गा ने सम्मानित करते हुए उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। जिस प्रकार जीवन में शिक्षा जरुरी है उसी प्रकार खेल भी जरुरी है। खेलों से आपसी भाईचारा तो बढ़ता है साथ ही शरीर भी चुस्त दुरुस्त रहता है। खेल से शारीरिक मानसिक विकास होने के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलता है। आज खेलों में कैरियर की अपार संभावनायें हैं। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों खलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में भी वरियता दी जा रही है। इसलिए आज पढ़ाई के साथ खेलना भी जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीत का ऐसा जज्बा और जुनून रखें जो आपको बुलंदियों की ऊंचाई तक ले जाए। ऊंची सोच, ऊंचे सपने देखकर उस ओर दृढ़ निश्चय के साथ मेहनत करें। सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रदेश भर में हर साल खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस तरह के खेल आयोजनों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयन कर उन्हें आगे बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिलेगा इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन उधम सिंह नगर के अध्यक्ष गुलाब सिंह सिरोही,सचिव अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल खत्री, खुशाल सिंह धपोला आदि भी मौजूद रहे।




# जेनेरिक दवाओं की अनिवार्यता के लिए दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान

महंगी दवाओं के चलते इलाज न करा पाने वाले रोगियों के लिए यह निश्चित ही सुकून देने वाली खबर हैं कि देश के चिकित्सक पर्चे पर केवल जेनेरिक दवाएं ही लिखेंगे। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने कहा है कि यदि चिकित्सक ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है। इस नियम का उल्लंघन करने पर चिकित्सक का एक तय अवधि के लिए अनुज्ञा पत्र (लाइसेंस) भी रद्द किया जा सकता है। ये निर्देश सभी आरएमपी (रजिस्ट्रर मेडिकल प्रैक्टिशनर) को भी माननी होंगी। पर्चे पर दवाएं स्पष्ट अक्षरों में लिखने या फिर प्रिंटेड पर्चा देने की हिदायत भी दी गई है। एनएमसी ने जेनेरिक दवाओं को परिभाशित करते हुए कहा है कि वे दवाएं जो ब्रांडेड दवा से खुराक, प्रभाव, खाने के तरीके, गुणवत्ता और असर में बराबर हैं, जेनेरिक दवाएं कहलाती हैं। वहीं ब्रांडेड जेनेरिक दवाए वे हैं, जिनकी पेटेंट अवधि समाप्त हो गई है और दवा कंपनियां उनका उत्पादन और विक्रय दूसरे नामों से करती हैं। भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा 2002 में पेशेवर आचार संबंधी नियमन में जेनेरिक दवाएं लिखने पर जोर दिया था। लेकिन इसमें दंडात्मक कार्यवाही का उल्लेख नहीं था। आयोग द्वारा इसी माह 2 अगस्त को अधिसूचित नियमों में कहा है कि भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा पर होने वाले व्यय में बड़ा हिस्सा दवाओं पर खर्च कर रहा है। जेनेरिक दवाएं, ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 30 से 80 प्रतिशत तक सस्ती होती है। अतएव गरीब लोग दवाओं की पूरी खुराक लेंगे और जल्दी स्वस्थ्य होंगे। भारत का जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने का मकसद केवल भारतीय लोगों का हित साधना भर नहीं है, बल्कि दुनिया के करोड़ों गरीब मरीजों को भी सस्ती दवाएं उपलब्ध कराना है। बड़ी मात्रा में सस्ती जेनेरिक दवाओं का निर्माण एवं विश्वव्यापी वितरण करके भारत देशी फार्मा उद्योग को तो बढ़ावा देना चाहता ही है, निर्यात बढ़ाकर, चीन से कच्चे माल का आयात भी कम करना चाहता है। फिलहाल भारत चीन से दवाओं में लगने वाला 67 प्रतिशत कच्चा माल आयात करता है। फार्मा विशेषज्ञ पदोन्नति परिषद् के मुताबिक वर्ष 2021-22 में भारत ने 24.47 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया था। जिसके 2030 तक 70 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। फिलहाल भारत का कुल दवा बजार 47 अरब डॉलर का है। इसमें 22 अरब डॉलर का व्यापार देश के भीतर ही होता है। फिलहाल भारत जेनेरिक दवाओं के वैश्विक सकल निर्यात में 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है। दुनिया में लगने वाली 60 प्रतिशत वैक्सीन का सप्लायर भी भारत है। इस नाते भारत वर्तमान में भी वैश्विक दवाखाना कहलाता है। वर्तमान में दुनिया के 206 देशों में भारत दवाओं का निर्यात करता है। इनमें जेनेरिक दवाएं तो कम है, किंतु ब्रांडेड दवाओं का निर्यात ज्यादा होता है। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और आस्ट्रेलिया से जो द्विपक्षीय व्यापार



समझौता किया है, उसके तहत भारत से दवाओं का निर्यात बढ़ जाएगा। आस्ट्रेलिया को भारत अभी एक वर्ष में 34 करोड़ डॉलर की दवाएं निर्यात करता है, जो एक अरब डॉलर तक पहुंच जाएंगी। यूएई के बाजार से भारतीय दवाएं अफ्रीका के देशों में जाएंगी। दक्षिण अमेरिका के देश भी भारत की सस्ती दवाओं के लिए अपने द्वार खोल रहे हैं। यूक्रेन से लड़ाई के चलते पश्चिमी व नाटो देशों ने रूस को अनेक प्रकार की दवाएं देने पर रोक लगा दी है। इसलिए अब रूस भारत से दवाएं मांग रहा है। यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और कनाडा के साथ भी ऐसे कारोबारी समझौते हुए हैं, जो भारत की जेनेरिक दवाएं खरीदेंगे। इन दवाओं के निर्यात में कोई कमी न आए इस दृष्टि से रसायन एवं खाद मंत्रालय ने 35 एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रिडिएंट्स (एपीआई) इकाईयों को उत्पादन बढ़ाने की अनुमति दे दी है। पीएलआई योजना के तहत 53 एपीआई को भी उत्पादन के लिए चिन्हित किया गया है, इस मकसद पूर्ति के लिए 32 नए संयंत्र लगाए गए हैं। इन संयंत्रों में दवा निर्माण के लिए कच्चा माल तैयार किया जाएगा। फिलहाल भारत दवा संबंधी 2.8 अरब डॉलर के कच्चे माल का आयात चीन से करता है। इसके बदले में 4.8 अरब डॉलर की एपीआई और दवा निर्माण के अन्य कच्चे माल का निर्यात भी करता है। बावजूद चीन से निर्यात में बड़ा असंतुलन है। दरअसल भारत में उपचार से जुड़ी 2 लाख 50 हजार वनस्पतियों की उपचार संबंधी पहचान वैज्ञानिकों ने हासिल कर ली है। इनमें से 50 प्रतिशत ऊष्ण कटिबंधीय वन-प्रांतरों में उपलब्ध हैं। भारत में 81 हजार वनस्पतियां और 47 हजार प्रजातियों के जीव-जंतुओं की पहचान सूचीबद्ध है। अकेले आयुर्वेद में 5 हजार से भी ज्यादा वनस्पतियों का गुण व दोषों के आधार पर मनुष्य जाति के लिये क्या महत्व है, विस्तार से विवरण है। हमारे प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में जिन 84 लाख जीव-योनियों का विवरण है, उनमें 10 लाख वनस्पतियां और 52 लाख इतर जीव-योनियां बताई गई हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि इन्हीं योनियों में से असंख्य जीवात्माएं प्रत्येक क्षण जीवन-मरण का क्रम जारी रखे हुए हैं और यही सारे लोक में फैली हुई हैं। ब्रिटिश वैज्ञानिक रॉबर्ट एम ने जीव व वनस्पतियों की दुनिया में कुल 87 लाख प्रजातियां बताई हैं, इनमें जीवाणु व विषाणु शामिल नहीं हैं। यह 84 लाख भारतीय योनियों के करीब है। विदेशी दवा कंपनियों की निगाहें इसी हरे सोने के भंडार पर टिकी हैं। इसलिए 1970 में अमेरिकी पेटेंट कानून में नए संशोधन किए गए। विश्व बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि 'नया पेटेंट कानून परंपरा में चले आ रहे देशी ज्ञान को महत्व व मान्यता नहीं देता। बल्कि इसके उलट जो जैव व सांस्कृतिक विविधता और उपचार की देशी प्रणालियां प्रचलन में हैं, उन्हें नकारता है। जबकि इनमें ज्ञान और अनुसंधान अंतर्निहित हैं। ये समाज में इसलिए संज्ञान में हैं, जिससे इन्हें आपस में साझा करके उपयोग में लाया जा सके। साफ है, बड़ी कंपनियां देशी ज्ञान पर एकाधिकार प्राप्त कर समाज को ज्ञान और उसके उपयोग से वंचित कर रही हैं। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार भारत में ही नहीं दुनिया में मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए मंहगी और गैर-जरुरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा बन गया है। विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं। लेकिन दुनिया में मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जो वर्चस्व स्थापित हुआ, उसके तईं, जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, सरकारी और गैर-सरकारी ढांचा भी हो गया है। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। भारत के छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि यदि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर ही कानूनी तौर से रोक लगा दी जाए तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। चूंकि दवा का निर्माण एक विषेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं। दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह उद्देश्य अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है, लिहाजा विकासशील और गरीब देशों के चिकित्सक मरीज की इस लाचारी का लाभ धड़ल्ले से उठा रहे हैं। अब एनएमसी ने जेनेरिक दवा ही लिखने के जो दिशा-निर्देश दिए हैं, उनका ईमानदारी से पालन होता है तो रोगी कम खर्च में जल्दी स्वस्थ तो होगा ही, भारत का दवा उद्योग भी फलेगा-फूलेगा।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# केमिस्ट एसो. के चुनाव पर उठ रहे सवालिया निशान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के चुनाव में आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथि करीब आ रही है वैसे वैसे कुछ मतदाताओं द्वारा संस्था के चुनाव पर सवालिया निशान लगाना शुरू कर दिया है। कुछ मतदाताओ ने चुनाव अधिकारी पर निष्पक्ष रूप से चुनाव नहीं कराने का आरोप लगाया है तो वही कुछ प्रत्याशियों ने भी मुख्य चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर दानी पर चुनाव को पारदर्शिता व निष्पक्ष रूप से नहीं कराने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चुनाव अधिकारी ने कई मेंबरों को चुनाव में सम्मिलित होने से दूर रखा है। कई वोटरों के लिस्ट से नाम ही गायब है। कुछ प्रत्याशी व आम वोटर अपनी शिकायतों को लेकर 2 दिन पूर्व कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के जनता दरबार में भी पहुंचे थे। जिन्होंने कुमाऊं कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाते हुए सभी सदस्यों को साथ लेकर चुनाव कराने की मांग की थी। चंद्रशेखर दानी पांच साल पूर्व में भी चुनाव अधिकारी थे। उस समय भी उन पर निष्पक्ष रूप से चुनाव नहीं करवाने के आरोप लग रहे थे। जिसका परिणाम संस्था के चुनाव दो गुटों में बांटकर हुए थे। आगामी चुनाव को निष्पक्ष रूप से कराने के लिए कई प्रत्याशियों ने चुनाव अधिकारी से पुराने व नए मतदाताओं को चुनाव में भागीदारी करवाने की अपील की है।



## पेज एक का शेष...

**पुलिस सेवा के साथ...**जिलाधिकारी ने खेलों के प्रारम्भ होने की विधिवत घोषणा की। आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं में ताईक्वान्डो, वुशु, जूडो, जिम्नास्टिक, कराटे, फैसिंग एवं पैचोक सिलॉट खेल शामिल हैं। प्रतियोगिता का समापन आगामी 23 अगस्त को सायं 4 बजे से किया जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक कुमांऊ परिक्षेत्र, डा. नीलेश आनन्द भरणे होंगे। खेल प्रतियोगिताओं में जनपद ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़, हरिद्वार, देहरादून, चमोली, टिहरी, पौड़ी, रूद्रप्रयाग, 31 वाहिनी, 46 वाहिनी, 40 वी वाहिनी, आईआरबी प्रथम, द्वितीय, एसडीआरएफ व जीआरपी टीमों के लगभग 280 महिला पुरूष खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मौके पर इस अवसर पर श्रीकर सिन्हा, अध्यक्ष सिडकुल एसोसिएशन, डॉ. दयाल शरण निदेशक, विधि विज्ञान, हरीश वर्मा, उप सेनानायक 46 पीएसी, आरसी जोशी, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक, डॉक्टर सुनील गौतम, ललित जोशी, मनीष शर्मा, क्वार्टर मास्टर, दलनायक शुक्रू लाल, गोपाल सिंह बिष्ट, खुर्शीद अली, सूबेदार सैन्य सहायक, पीसी गिरीश चंद जोशी, कौशल नरेश शाह, हयात सिंह, श्रीमती स्वीटी रमन, श्रीमती दीपा कर्नाटक, अपर पीसी राजेंद्र प्रताप सिंह, कमला भण्डारी समेत सभी टीमों के टीम मैनेजर व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

**घोड़ा लाईब्रेरी पहाड़ों पर...**जा रहा है। अभिभावकों के बीच से ही किसी एक अभिभावक द्वारा हफ्ते में एक दिन के लिए अपने घोड़े का सहयोग, घोड़ा लाइब्रेरी के लिए दिया जाता है।

**टेंपो की टक्कर से ...**स्वामी चौकी में पहुँचा उसने फैसला करने से इन्कार कर दिया और बोला तुम्हें जो करना है कर लो कुछ नही दूँगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करन जांच शुरू कर दी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अग्रवाल महिला समिति ने हर्षोल्लास से मनाया हरियाली तीज महोत्सव

## महाराजा अग्रसेन के जीवन दर्शन को समर्पित रहा कार्यक्रम, गीत, संगीत, फैंसी ड्रेस व नृत्य की रही आकर्षक प्रस्तुति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल महिला समिति रूद्रपुर द्वारा हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जो पूरी तरह से महाराजा अग्रसेन जी के जीवन दर्शन के प्रति समर्पित रहा। महोत्सव के दौरान जहां अग्र समाज की महिलाओं द्वारा शिव वंदना गाई गई तो वहीं महाराजा अग्रसेन जी के जीवन दर्शन को महिलाओं द्वारा मंच पर जीवंत कर उपस्थित अग्र समाज के हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त लोटस, फ्लैग व पिकोक आदि के रूप में प्रस्तुत झांकियों के साथ ही आकर्षक वेशभूषा से सुसज्जित महिलाओं द्वारा किया गए फ्यूजन डांस ने खूब तालियां बटोरीं। इसके अतिरिक्त अग्र समाज की नवविवाहित बेटियों को सम्मानित किया गया और लक्की ड्रा निकाल कर विजताओं को पुरुस्कृत किया गया। इससे पूर्व समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती राजकुमारी तुलस्यान, विशिष्ठ अतिथि डा. साधना मित्तल, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती बीना सिंगला ने कार्यक्रम आयोजक अग्रवाल महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया और सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। जिसके पश्चात महिलाओं द्वारा संगीत के मधुर धुन के साथ शिव वंदना प्रस्तुत की गई। महोत्सव में महाराजा अग्रसेन जी के जीवन दर्शन पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर महिलाओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालियों की आवाज से आयोजन स्थल गुंजायमान हो उठा। सभी ने इस प्रस्तुति की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि नगर के इतिहास में उन्होंने ऐसा जीवंत कार्यक्रम कभी नहीं देखा। यह प्रस्तुति दर्शक कई दशकों तक भुला नहीं पाएंगे। इसके अलावा फैंसी ड्रेस तथा नेशनल सिम्बल कार्यक्रम ने भी सभी को काफी प्रभावित किया। इसके बाद फ्यूजन डांस की प्रस्तुति देख सभी दर्शक खुद भी झूमने को मजबूर हो गए। महोत्सव के दौरान अग्र समाज की कई नव विवाहित बेटियों को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित कर उन्हें शुभाशीष दिया गया। इस अवसर पर लकी ड्रा भी निकाला गया जिसमें पांच सांत्वना पुरस्कार भी निकाले गए । ड्रा की विजेता शोभा मुंद्रा



तथा ममता जिंदल आदि को पुरस्कृत किया गया।अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल महामंत्री प्रिया गर्ग और कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया की बहुत ही मेहनत और लगन ने इस समारोह में चार चांद लगा दिए। महिला समिति अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी के जीवन दर्शन को पहली बार समिति द्वारा मंच पर प्रस्तुत किया गया जो कि बहुत ही सराहनीय प्रयास था। उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों से वह अपनी महामंत्री प्रिया गर्ग और कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया तथा अन्य सहयोगियों के साथ इस कार्यक्रम की तैयारी में लगी हुई थीं। अग्रवाल सभा के सरपरस्त ताराचंद्र जैन, अध्यक्ष गौतम रुंगटा व कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल इस अवसर पर उपस्थित थे। हरियाली तीज महोत्सव में तरह-तरह की राखियों, कुर्तियों, क्रोकरी और चाट की स्टॉल ने दर्शकों को बहुत आकर्षित किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण घुड़सवारी रहा जो कि बच्चों के लिए मुफ्त थी। अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने सबको तीज की शुभकामनाएं दी और नव विवाहित बेटियों को उनके सुखमय भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। महामंत्री प्रिया गर्ग ने उत्तम मंच संचालन कर अपने कर्तव्य का निर्वाह पूर्णतया किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया के साथ सरपरस्त राधा अग्रवाल, कान्ता अग्रवाल, संरक्षक रंजना अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, पुष्पा गर्ग, मंत्री नीतू गोयल, सोनल बंसल, सह मंत्री मीनाक्षी गर्ग, उपाध्यक्ष, अंजू बंसल, शालिनी गोयल, कार्यकारिणी सदस्य पूनम बिंदल, रचना झुनझुनवाला, बबीता मित्तल, आशा खंडेलवाल, नीतू रूगटा, दीपा अग्रवाल, पूनम गुप्ता, ज्योति गोयल, अनुराधा जैन, सीमा गायल, रचना जिंदल सदस्य शशि बंसल, स्वीटी बिंदल, अमिता अग्रवाल, अरुणा बंसल, जीवनी गर्ग, एकता अग्रवाल, कमला अग्रवाल, गीता श्यापुरिया, रेनू अग्रवाल, ममता गोयल, नीलम गर्ग, साधना मित्तल, सबिता अग्रवाल, रेखा गोयल, सरिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, आकृति अग्रवाल, अक्षि अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, अंकिता जैन,अंकिता बिंदल, काजल सिंघल, कविता सिंघल, नेहा बंसल,नेहा मित्तल, कुसुम जैन, पूजा अग्रवाल, प्रीति बंसल, पूनम मित्तल, सुरेखा जैन, चेष्टा अग्रवाल, सलौनी अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, सपना अग्रवाल, शिखा गर्ग, सुगन्धा लिहाला, नीलम अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, प्रेमलता मित्तल, श्वेता मित्तल, रश्मि जिंदल, आस्था अग्रवाल, सीमा बिंदल, दीप्ती अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, मंजु अग्रवाल, मोनिका बंसल, प्रियंका गर्ग, शशि अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, सुमन मित्तल, शिल्पी अग्रवाल, स्वाती अग्रवाल, सिमरन सिंघल, रेनू बंसल, पुष्पा जाखोदिया, कुसुम तुलसियान, ममता अग्रवाल आदि अग्रवाल समाज की सैकड़ो बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। अंत में अग्रवाल महिला समिति ने महोत्सव में पधारे सभी गणमान्य अतिथियों तथा अग्र समाज की सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।







गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

गुरू मां

36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac

Premium Split Ac

Mid-Range Split Ac

Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338